दैनिक पंचांग

14 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

मंगलवार 2026 वर्ष का 104 वा दिन दिशाशूल उत्तर ऋतु बसंत। विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948 मास वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) पक्ष कृष्ण तिथि द्वादशी 00.13 बजे रात्र को समाप्त। नक्षत्र शतभिषा 16.06 बजे को समाप्त। योग शुक्ल(शुक्र) 15.39 बजे को समाप्त। करण कौलव 12.47 बजे तदनन्तर तैतिल 00.13 बजे रात्र को समाप्त। चन्द्रायु 24.9 घण्टे रवि क्रान्ति उत्तर 09° 20' सूर्य उत्तरायन कलि अहर्गण 1872679 जूलियन दिन 2461144.5 कलियुग संवत् 5128 कल्पारंभ संवत् 1972949128 सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128 वीरनिर्वाण संवत् 2552 हिजरी सन् 1447 महीना सव्वाल तारीख 25 विशेष सोलर नववर्ष, पुथन्डु, बैसाखी, अम्बेडकर जयंती, भुंजिया एवं अग्नि निरोधक दिवस।

ग्रह	स्थिति	लग्नारंभ	समय
सूर्य	मीन में	मेष	05.45 बजे से
चंद्र	कुंभ में	वृष	07.25 बजे से
मंगल	मीन में	मिथुन	09.23 बजे से
बुध	मीन में	कर्क	11.36 बजे से
गुरु	मिथुन में	सिंह	13.53 बजे से
शुक्र	मेष में	कन्या	16.04 बजे से
शनि	मीन में	तुला	18.15 बजे से
राहु	कुंभ में	वृश्चिक	20.30 ब.से
केतु	सिंह में	धनु	22.46 बजे से
राहुकाल		मकर	00.51 बजे से
3.00 से 4.30		कुंभ	02.37 बजे से
बजे तक		मीन	04.10 बजे से

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
रोग	05.53 से 07.22 बजे तक	काल	05.42 से 07.13 बजे तक
उद्वेग	07.22 से 08.15 बजे तक	लाभ	07.13 से 08.45 बजे तक
चर	08.15 से 10.19 बजे तक	उद्वेग	08.45 से 10.16 बजे तक
लाभ	10.19 से 11.48 बजे तक	शुभ	10.16 से 11.48 बजे तक
अमृत	11.48 से 01.16 बजे तक	अमृत	11.48 से 01.19 बजे तक
काल	01.16 से 02.45 बजे तक	चर	01.19 से 02.51 बजे तक
शुभ	02.45 से 04.13 बजे तक	रोग	02.51 से 04.22 बजे तक
रोग	04.13 से 05.42 बजे तक	काल	04.22 से 05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

नील गगन के नक्षत्र

3	4	5	8
238	356	159	134
599	590	366	260
779	680	799	477

दिन-788-190 568-470
मधुर डे-168-489 मधुर नाइट-255-556
मिलन डे-159-478 मिलन नाइट-224-249

भविष्यफल

आज जन्म लिए बालक का फल........

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पश्चिमे तिथि, द्वादशी, मंगलवासरे, शत भिषा नक्षत्रे, शुभ योगे, कौलव करणे, कुंभ की चंद्रमा, मृत्यु योग, मेषे रवि त्रिपुस्कर योग, तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलदायी होगी।

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, सुन्दर, सुशील, कोमल हृदय वाला, स्वाभिमानी, दूध तथा चूने एवं शक्कर का व्यापारी, कुशल लेखक होगा।

मेष राशि : धन लाभ, योजना फलीभूत होंगी, कार्य कुशलता से संतोष अवश्य होगा, ध्यान दें।

वृष राशि : मनोबल संवेदनशील हो, आशानुकूल सफलता का योग होगा तथा अवश्य ही ध्यान दें।

मिथुन राशि : मनोबल उत्साहवर्धक हो, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, ध्यान दें।

कर्क राशि : मनोवृत्ति संवेदनशील हो, आशानुकूल सफलता का हर्ष अवश्य होगा, ध्यान दें।

सिंह राशि : धन-लाभ होगा, आशानुकूल सफलता प्राप्त होगी, ध्यान दें कार्य बनेंग।

कन्या राशि : इष्ट मित्र से मान-प्रतिष्ठा, प्रभुत्व वृद्धि, समय पर सोचे कार्य अवश्य पूर्ण होंगे।

तुल राशि : कुटुम्ब की समस्याओं से धन का व्यर्थ व्यय होगा, मानसिक उद्विग्नता बनेगी।

वृश्चिक राशि : आर्थिक योजना पूर्ण होंगी, सफलता के साधन बनें, इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे।

धनु राशि : धन लाभ होगा, अधिकारियों से मेल-मिलाप संभव है, हर्ष अवश्य ही बनेगा।

मकर राशि : कार्य क्षमता में सुधार होगा, स्थिति नियंत्रण में रखें, स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास होगा।

कुंभ राशि : विशेष कार्य स्थिगित रखें, मानसिक विभ्रम, उद्विग्नता अवश्य ही बनेगी।

मीन राशि : प्रयत्न सफल हों, इष्ट मित्र होंगे, दैनिक कार्यगति में अनुकूलता अवश्य ही बनेगी।

सबसे बड़ी समस्या है क़र्ज़ा

क्या करें उपाय -

बैडरूम के नैऋत्य कोण में उत्तर या पुर्व मुखी अलमारी रखकर उसमें ही अपना पैसा ,प्रोपर्टी के काग़ज़ात और ज़ेवर रखने चाहिए इससे धन की वृद्धि होगी और कर्ज माँगने वाले ज़्यादा परेशान नही करेंगे

इस बात का विशेष ध्यान रखें कि बैडरूम की वायव्य और नैऋत्य दिशा में कोई गेट या खिड़की ना हो अगर हो तो उसे बंद ही रखें

धन आगमन का सम्बन्ध घर की उत्तर दिशा से होता है इसलिए उत्तर दिशा मध्य में, मुख्य द्वार या अण्डर ग्राउंड पानी का टैंक बनाने से भी कर्ज से तुरन्त राहत मिल जाती है

कर्ज की वजह से अगर मकान बेचने की नौबत आ जाये तो तुरन्त घर के नैऋत्य कोण को ऊँचा और भारी करवा देना चाहिए अगर इस दिशा में निर्माण करवाना संभव ना हो तो एक ऊँचा लोहे का एंग्ल या पिल्लर बनवाकर और कुछ ईटें या भारी सामान रखकर भी इस दिशा के दोष कम किये जा सकते हैं

उत्तर व पुर्व दिशा में भूलकर भी भारी वस्तु न रखें अन्यथा कर्ज, हानि व घाटे का सामना करना पड़ सकता है यदि उत्तर दिशा में ऊँची दीवार बनी है तो उसे नीचा करके दक्षिण में ऊँची दीवार बना दें ,

भूमि का ढलान भी उत्तर ,पुर्व या ईशान दिशा में करने से कर्ज से तुरन्त राहत मिल सकती है।

शनि शुक्र राहु व बुध जैसे ग्रहों के दोष की वजह से क़र्ज़ा बढ़ रहा हो तो इनसे सम्बन्धित वस्तुओं को घर में कम रखें इनका अधिक से अधिक दान करें।

नोट- इन ग़लतियों की वजह से भी मुश्किल हो जाता है क़र्ज़ चुकाना.....

मंगलवार के दिन कभी किसी से उधार नही लेना चाहिए माना जाता है की ये क़र्ज़ बड़ी मुश्किल से उतरता है

अपनी अशुभ दिशा में रहने वाले लोगों से कभी भूलकर भी क़र्ज़ा नही लेना चाहिए (अशुभ दिशा का निर्धारण जन्मपत्री से होता है)

किसी मन्दिर में चढ़ावे पर आया हुआ पैसा या किसी ऐसे व्यक्ति से कभी क़र्ज़ नही लेना चाहिए जिसके पास दुखी और परेशान लोगों के द्वारा धन आता हो।

***गुरु महेश जैन** इंटरनेशनल ज्योतिषाचार्य, अनुष्ठानकर्ता, राणापुर जिला झाबुआ मध्यप्रदेश, 7000098868 9425188009*

प्लास्टिक मुक्त उज्जैन जन जागरूकता अभियान हेतु निगम द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया

उज्जैन (ई)। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत उज्जैन शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने हेतु उज्जैन नगर पालिक निगम द्वारा निरंतर जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है ।

इसी क्रम में रविवार को ग्रांड होटल से साइकिल रैली निकाली गई, रैली का शुभारंभ उपायुक्त श्री योगेंद्र सिंह पटेल, सहायक आयुक्त श्री रविकांत मगरदे द्वारा किया गया। उक्त रैली का आयोजन नगर निगम की सहयोगी संस्था ओम साइन विजन द्वारा किया गया जो ग्रांड होटल से प्रारंभ होते हुए विभिन्न चौराहा से होकर हुए पुनः ग्रांड होटल पर समाप्त हुई सायकल रैली में आईईसी मेंबर द्वारा अपने हाथों में स्वच्छता का संदेश लिखी हुई तख्तियां थामे रैली में शामिल हुए ।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत निगम द्वारा आज वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 - 26 अभियान को दृष्टिगत रखते हुए उज्जैन नगर निगम द्वारा सोमवार को वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा हैं, उक्त वाहन रैली का आयोजन सोमवार को शाम 4꞉00 बजे स्थान ग्रांड होटल से प्रारंभ होते हुए विभिन्न चौराहों से होकर टावर चौराहा पर समाप्त होगी ! वाहन रैली का मार्ग ग्रांड होटल से प्रारंभ होते हुए टावर चौराहा, तीन बत्ती, नानाखेड़ा, पुराना आरटीओ चौराहा, भरतपुरी, ष्टरू बंगला, तरण ताल, दशहरा मैदान, पुलिस कंट्रोल रूम होते हुए टावर चौराहा पर वाहन रैली का समापन होगा।

नागचन्द्रेश्वर मंदिर से बल लेकर महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा आरंभ की गई पैदल पंचक्रोशी यात्रा

उज्जैन (ई)। धर्म नगरी उज्जैन में आयोजित होने वाली पावन पंचकोशी यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम है। यह यात्रा हमें सनातन संस्कृति की जड़ों से जोड़ते हुए भगवान महाकाल की असीम कृपा का अनुभव कराती है। पंचकोशी यात्रा के प्रत्येक पड़ाव पर श्रद्धालुओं को अध्यात्म, सेवा और संयम का संदेश मिलता है, यह यात्रा हमें सिखाती है कि जीवन में सच्चा सुख बाहरी साधनों में नहीं, बल्कि आस्था, सेवा और सत्कर्मों में निहित है, आज 12 अप्रैल 2026 से परम्परा अनुसार यह पावन पंचकोशी यात्रा प्रारंभ हो रही है। महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा इस पुनीत पंचकोशी यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ पैदल यात्रा के रूप में सम्मिलित हुए। प्रातः 5꞉30 महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा पटनी बाजार स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर में विधि विधान से पूजन अर्चन करते हुए यात्रा के लिए बल प्राप्त किया गया इस दौरान एमआईसी सदस्य श्री प्रकाश शर्मा, श्री रजत मेहता, श्री शिवेंद्र तिवारी, श्री कैलाश प्रजापत, श्री जितेंद्र कुवाल, जोन अध्यक्ष श्री पुरूषोत्तम मालवीय, पार्षद श्री पंकज चौधरी उपस्थित रहे।

चोइथराम कॉलेज के छात्र ध्रुव ने जीता अंतरराष्ट्रीय सम्मान

इन्दौर। चोइथराम कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज़ के बीपीटी द्वितीय वर्ष के छात्र ध्रुव गोयल ने 2025-2026 RE-AIM पब्लिक हेल्थ IDEAS हैकाथॉन में इम्पैक्ट कैटेगरी में उपविजेता स्थान प्राप्त किया है। इस हैकाथॉन का आयोजन यूनिवर्सिटी ऑफ मेम्फिस स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ, अमेरिका द्वारा किया गया था।

इस अंतरराष्ट्रीय हैकाथॉन में विश्वभर के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य वास्तविक सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान हेतु नवाचार और बहु-विषयक सहयोग को बढ़ावा देना था।ध्रुव का प्रोजेक्ट माइंडफिट -यूथ मेंटल एंड फिजिकल हेल्थ प्लेटफॉर्म चार चरणों–समस्या की पहचान, विचार निर्माण, प्रोजेक्ट डिजाइन और अंतिम प्रस्तुति–से सफलतापूर्वक गुजरते हुए इस उपलब्धि तक पहुंचा।

पहिए के नीचे आने से मौके पर ही दम तोड़ा

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

पीथमपुर। औद्योगिक नगरी पीथमपुर में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना महू-नीमच मार्ग स्थित कौशिकी होटल के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ट्रक के पहिए के नीचे आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। इंदौर की ओर से आ रहे ट्रक (नंबर RJ 17 GB 3198) ने अचानक नियंत्रण खो दिया और सामने चल रहे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार सीधे सड़क पर गिरा और ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पीथमपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस को मृतक के पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिले हैं। ऐसे में पुलिस बाइक नंबर और हुलिए के आधार पर मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। आसपास के क्षेत्रों में भी सूचना प्रसारित की गई है ताकि परिजनों का पता लगाया जा सके।

धूमधाम से मनाई जावेगी, डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती

इंदौर। म.प्र.वि.म.परिसर इंदौर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है।

इस वर्ष भी इस आयोजन में देश एवं प्रदेश के अति विशिष्टजन पधार रहे हैं। डॉ. भीमराव अम्बेडकर बिजली कर्म, संस्था एवं पश्चिम क्षेत्र आरक्षित वर्ग संगठन के द्वारा यह आयोजन भव्य रूप में होने जा रहा है, जिसमें रचनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अ.भा. कवि सम्मेलन भी होगा। साथ ही भंडारे का आयोजन भी होगा। कार्यक्रम की जानकारी कार्यक्रम संयोजक मुकेश मेहना ने देते हुए बताया कि मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य, बाल योगी उमेश नाथ जी महाराज होंगे। जबकि प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

सच्ची मित्रता में ऊंच-नीच या अमीरी-गरीबी का कोई स्थान नहीं

इंदौर ।कृष्ण और सुदामा बचपन के दोस्त थे और गुरुकुल में साथ पढ़ते थे। सुदामा एक अत्यंत निर्धन ब्राह्मण थे, जो अपनी पत्नी सुशीला के बार-बार कहने पर कृष्ण से मिलने द्वारका गए।

उक्त विचार भागवतप्रवक्ता डॉ. मनोज मोहन जी शास्त्री ने श्री खजराना गणेश मंदिर, के दौलत राम छावछरिया सत्संग हाल*, इंदौह में व्यक्त किए। प्रारम्भ व्यास पीठ का पूजन मुख्य यजमान नन्दकिशोर पिपलावा, श्रीमती पुष्पा खंडेलवाल, बजरंग शर्मा, दामोदर पीपलावा, श्याम सुंदर खंडेलवाल, मनीषा जोशी विशाल जोशी, सोनाली, केदार ने किया।

भागवतप्रवक्ता ÷*डॉ. मनोज मोहन जी शास्त्री ने कहा कि सच्ची मित्रता में ऊंच-नीच या अमीरी-गरीबी का कोई स्थान नहीं होता है।

शुकदेव जी महर्षि वेदव्यास के पुत्र और श्रीमद्भागवत वे जन्मजात ब्रह्मज्ञानी, परम तपस्वी और विरक्त थे। इन्होंने राजा परीक्षित को सात दिनों तक भागवत कथा सुनाकर मोक्ष प्रदान किया था। श्रीमद्भागवत की महाआरती में युवराज शर्मा पीए पूर्व सीएम राजस्थान, दीपक पंडित श्री वल्लभ शर्मा प्रकाश भाया, संजय कुंजीलाल गोयल, नरेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, इंदर सिंह ठाकुर, गोपाल अग्रवाल में भाग लिया। कथा के अंत में महा प्रसाद का वितरण किया गया।

ग्रिडों व उच्चदाब लाइनों के सतत निरीक्षण के निर्देश

इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने सोमवार को समय सीमा बैठक ली। उन्होंने विभागाध्यक्षों, इंजीनियरों के साफ कहा कि शहर, देवास, उज्जैन, पीथमपुर इत्यादि के ग्रिडों व उच्चदाब लाइनों का सतत निरीक्षण किया जाए। यदि कोई तकनीकी, क्षमता वृद्धि या सुधार कार्य की गुंजाइश या आवश्यता हैं तो उसे तुरंत करा लिया जाए। इससे उपभोक्ता संतुष्टि का स्तर उच्च रहेगा। श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि बिजली आपूर्ति के संबंध में कार्मिकों की किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री सिंह ने ऊर्जस, नए कनेक्शन, बिल सुधार, मैंटेनेंस इत्यादि कार्यो को समय पर कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान, कार्यपालक निदेशक श्री गजरा मेहता, मुख्य अभियंता श्री एसएल करवाड़िया, श्री एसआर सेमिल, श्री एसआर बमनके, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एससी वर्मा, श्री संजय मालवीय, श्री निर्मल जैन, श्री आरके आर्य, मुख्य वित्त अधिकारी श्री अजयपाल सिंह अवास्या आदि ने भी विचार रखे।

संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726 वीं जन्म जयंती पर मंगलवार को निकलेगी शोभायात्रा

इंदौर। केंद्रीय समिति सेन समाज इंदौर द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726 वीं जन्म जयंती पर 14 अप्रैल मंगलवार को भव्य सेन एकता शोभायात्रा निकलेगी। जिसमे नशा मुक्ति सहित अन्य संदेश भी दिए जाएंगे। सेन महाराज रथ पर सवार होकर निकलेंगे।

समाज अध्यक्ष निलेश सेन शैलू और कार्यकारी अध्यक्ष संदीप श्रीवास ने बताया कि सेन महाराज की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को दशहरा मैदान से भव्य शोभायात्रा शाम 6 बजे निकलेगी, जिसमे सेन महाराज लाव-लश्कर के साथ मोगरा,गुलाब सहित अनेक किस्मों के फूलों से सजे रथ पर सवार होकर समाजजनों को दर्शन देने निकलेंगे। बच्चे अनेक की वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र रहेंगे। यात्रा में ड्रेस कोड़ भी रखा गया है, जिसमें महिलाएं और पुरुष पारंपरिक परिधान में शामिल होंगे। विभिन्न मंचों से शोभायात्रा का स्वागत होगा,जिसमें सिख,बलाई, सहित अनेक समाजों द्वारा मंचों से स्वागत किया जाएगा। भजन गायक द्वारा भजनों से भक्तों को शोभायात्रा में थिरकाएंगे। यात्रा में मार्ग वंदनवार सहित ध्वजों व रंगोली से सजेगा। शोभायात्रा में सामाजिक सरोकार के संदेशों के साथ नशामुक्ति का संदेश देंगे। यात्रा में सेन समाज के सभी 19 गोठ और संगठन बारबर एसोसिएशन के पदाधिकारी और सेन समाज के बड़ी संख्या में समाज जन जुटेंगे। शोभा यात्रा में सेन महाराज के जीवन पर आधारित और नशा मुक्ति, स्वच्छता सहित कई झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आयोजन की तैयारियां को लेकर समितियों बनाई गई जिसमें जनक सेन, विनीत सेन,लखन परमार,मंगल अमेरिया, अमर श्रीवास,राजकुमार भाटी, रितेश वर्मा, काकू सेन सहित अन्य व्यवस्थाएं संभालेंगे।

इंदौर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती पर बाबा साहेब अंबेडकर प्रतिमा गीता भवन चौराहा पर सुबह 9꞉30 बजे माल्यार्पण करेंगे और संवैधानिक अधिकारों के संकल्प की शपथ लेंगे इसके पश्चात कार्यकर्ताओ का जत्था राऊ बस स्टैंड चौराहे से दोपहर 11꞉00 महू के लिए रवाना होंगा।

न्यायालय अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (डॉ. रिंकेश कुमार वैश्य), जिला इंदौर (म.प्र.)
(प्रशासनिक संकुल कक्ष क. जी 11)
इन्दौर, दिनांक 31-03-2026
क्रमांक/1439/अकरी-2026 **प्रकरण क्र.**/0621/**ब**-121/2025-2026

पेपर विज्ञप्ति

प्रति,
1. आशीष कुमार
पता :- बी-260 छत्र छाया कॉलोनी पिथमपुर जिला धार (म.प्र.)
पिन 454775
2. संतोष बाई
पता :- 1-बी 260 छत्र छाया कॉलोनी पिथमपुर जिला धार (म.प्र.) पिन 454775
पता नं- 2 सर्वे नं. 763/5/2 फाइनल प्लाट नं. एल आई जी 15, फेस-1 चिन्नार लेक व्यू महूगांव महूँ जिला इंदौर (म.प्र.) 453441

द्वारा:- पेपर प्रकाशन।

प्राधिकृत अधिकारी, बंधक बैंक लिमिटेड शाखा का पता:- 304-305 बी एम टावर, लोटस शो रूम के सामने, सपना संगीता रोड़ इंदौर 452001 द्वारा आवेदन कर निवेदन किया गया हैं कि **बंधक संपत्ति सर्वे नं. 763/5/2 फाइनल प्लाट नं. एल आई जी 15, फेस-1 चिन्नार लेक व्यू महूगांव महूँ जिला इंदौर (म.प्र.) 453441** पर बकाया ऋण राशि का चुकारा आपके द्वारा नहीं किया गया और न ही प्रतिभूमि संपत्ति का कब्जा ही सौंपा गया हैं। अतः वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूतहित प्रवर्तन अधिनियम की धारा 14 में प्रतिभूमि के रूप में रखी संपत्ति का कब्जा दिलाया जावे।

अतः इस संबंध में एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं कि मामले की सुनवाई हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर जिला इंदौर **कक्ष क्रमांक जी-11 में दिनांक 15.04.2026 को दोपहर 03:00 बजे होगी।** आप प्रकरण के संबंध में समस्त दस्तावेज व साक्ष्य सहित उपस्थित रहें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतिरीक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला इंदौर (म.प्र.)
दिनांक 31/03/26

इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 10 इंदौर
जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कु. नेहा चौहान पिता दिलीप चौहान द्वारा झोन क्रं. 10 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिसनाते प्रस्तुत कर सर्विस/पिन 1001068524 पता प्रकोष्ठ क्रं. जी-2 स्वागत अपार्टमेंट, 52 बख्तावरराम नगर इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 14.04.2026 से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 10, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

:: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार **UMMEED HOUSING FINANCE PRIVATE LIMITED** के समक्ष श्रीमती गुलाब बाई माठे पति श्री भगवान दस माठे, ने आवासीय संपत्ति, मकान न. 28 (पैकी पूर्व दिशा का भाग), वार्ड न. 23 (गाइडलाइन के अनुसार 23) आदर्श बिजासन नगर, नगर निगम इन्दौर, तहसील मल्हारगंज जिला इन्दौर पर स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 400 वर्गफीट हैं। प्रतिभूति स्वरूप बंधक रखा जाना प्रस्तावित है। सदर सम्पत्ति पर श्रीमती गुलाब बाई माठे पति श्री भगवान दस माठे का नाम स्वामित्व नाते इन्दौर नगर पालिका निगम, इन्दौर (म.प्र.) के संपत्ति कर विभाग मे दर्ज है। उपरोक्त संपत्ति अथवा इस विक्रय व्यवहार पर किसी बैंक, व्यक्ति, शासकीय, अर्धशासकीय, निकायो, को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन से 7 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजी सबूत के पेश कर अपनी आपत्ति दर्ज करावें । बाद मियाद ऋणगृहीता गण के पक्ष में पंजी. विक्रय पत्र के निष्पादन पश्चात ऋण राशी का वितरण कर दिया जावेगा । तथा किसी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार/बैंक अथवा क्रेतापक्ष पर बंधनकारी नही होगी। सो विदित होवे।

सचिन चौहान (एडवोकेट)
एल.जी. 03, अपोलो स्क्वायर, 7/2, रोशन सिंह भंडारी मार्ग, इन्दौर, मो. 7225888885, 7987689899

जाहिर सूचना

सर्व साधारण हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री प्रेम पिता श्री कैलाश के द्वारा उनके मालीकी, स्वत्व आधिपत्य एवम कब्जे की सम्पत्ति जो की भवन क्रमांक 120 (P), सर्वे नं. 269 (B), ग्राम कराडिया उर्फ़ नवाखेडा, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.), प.ह.नं. 35, जिसका कुल क्षेत्रफल 893.08 Sq.ft. (83.00 Sq.mtr.) है, यह की उक्त संपत्ति श्री प्रेम पिता श्री कैलाश को उनके पिता श्री कैलाश चौहान पिता श्री सीताराम चौहान के द्वारा रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र (E-Registered Release Deed No. MP17IGR18842026A100308426 dt 17.03.2026) से जस्ये प्राप्त हुई है यह की उक्त संपत्ति को मॉर्गेज (MORTGAGE) किया जा रहा है व उस पर (India Shelter Finance Corporation Limited) से लोन लिया जा रहा है । यह की उक्त संपत्ति की चतुर्सीमा निम्नानुसार है पूर्व में भवरलाल का मकान, पश्चिम में रास्ता पीएन 101 मनोरमा पति विक्रम सिंह पीएन 119, उत्तर में चंदरसिंह का मकान व पीएन 118 का हिस्सा, दक्षिण में पीएन 121 शासकीय प्लाट व रतनलाल पिता श्री भागीरथ जी पीएन 124 है। यह की उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि कोई भी अन्य व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार या आपत्ति हो तो उक्त जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति प्रस्तुत करे, उपरोक्त अवधि के पश्चात किसी भी उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी सूचित हो।

देवास, दिनांक 14.04.2026
अभिभाषक अजय सेंधव
12, चामुण्डा काम्प्लेक्स, देवास (म.प्र.) 9753441943

In The Court of 18 Civil Judge Class-1, District Court Indore
Presiding Officer : श्रीमती चंचल बुन्देला
प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/52/2026)
पूनम जैन Vs सर्वसाधारण
Process ID-.......... **पेशी दिनांक - 29.04.2026**
प्रेषिती- सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थी/वादी **यह कि प्रार्थी/वादी पूनम जैन पति स्व. श्री चराग जैन आयु 30 वर्ष, निवासी-सी-1, 800 मिलन हाईट्स के पास बिचौली मर्दाना, थाना तिलकनगर इंदौर म.प्र.** ने आपके विरूद्ध सिविल सूट के लिये वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये समन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर / अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप नियत अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यदि आप निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें । यह आज तारीख **09.04.2026** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया।
(श्रीमती चंचल बुंदेला), 18वें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, जिला न्यायालय, इन्दौर (म.प्र.)
टिप्पणी: कृपया ध्यान दें : यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।